ETAWAH SAFARI PARK, ETAWAH

NEWS LETTER-VOL.8

# सफारी एक्सप्रेस

OCTOBER-NOVEMBER-DECEMBER 2025



## निदेशक की कलम से

इटावा सफारी पार्क, इटावा द्वारा इस त्रैमासिक न्यूज़ लेटर के आठवें अंक के माध्यम से माह अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर 2025 में सफारी पार्क में हुई मुख्य गतिविधियों को संक्षेप में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह सम्पूर्ण अंक सफारी पार्क एवं वन्यजीव संरक्षण को समर्पित है जिसमें सफारी पार्क में पाए जाने वाले वन्यजीवों एवं उनसे सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। इटावा सफारी पार्क द्वारा इन तीन माह में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया।

हमें हर्ष है कि इस न्यूज़ लेटर के माध्यम से सफारी पार्क के सामान्य क्रियाकलापों के साथ–साथ वन्यप्राणियों के संरक्षण हेतु इटावा सफारी पार्क प्रबन्धन द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों से आपका परिचय कराया जा रहा है।

(डा. अनिल कुमार पटेल)
भा.व.से.
निदेशक
इटावा सफारी पार्क, इटावा



Address :
Director, Etawah Safari Park
Etawah Gwalior Road,
Etawah - 206001
Phone : +91-7839435094
Email : dirlsetawah@gmail.com

Etawah Safari Park remains closed for tourists on Monday

FACEBOOK INSTAGRAM TWITTER

# वन्यप्राणि सप्ताह 2025 का आयोजन

इटावा सफारी पार्क में वन्य प्राणि सप्ताह–2025 दिनांक 02 से 08 अक्टूबर के मध्य आयोजित किया गया। इस वर्ष की थीम (मानव वन्यजीव सह–अस्तित्व) के दृष्टिगत सभी आयोजन बड़ी संख्या में प्रतिभागी स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ मनाया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ अनिल कुमार पटेल, आईएफएस, वन संरक्षक आगरा वृत्त आगरा एवं निदेशक इटावा सफारी पार्क इटावा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री कैलाश यादव, प्रधानाचार्य, पान कुँअर इंटरनेशनल स्कूल, श्री कर्व यादव, प्रधानाचार्य, लीडर्स पब्लिक स्कूल एवं श्री विवेक गुप्ता अर्चना मेमोरियल एसजीएम इंटर कॉलेज इटावा कार्यक्रम में उपस्थित रहे। वन्यजीव सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों जैसे स्लोगन लेखन, निबंध लेखन, पेंटिंग, एक्सटेम्पोर, फैंसी ड्रेस एवं नृत्य नाटिका इत्यादि को शामिल किया गया। जनपद इटावा के 15 स्कूलों के 450 से अधिक छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में तन्मयता पूर्वक बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

निबंध प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल की अदिति सिंह सेंगर प्रथम, पान कुअर इण्टरनेशनल स्कूल के आर्यन प्रताप सिंह द्वितीय सुदिति ग्लोबल एकेडमी के प्रखर गुप्ता तृतीय, मध्यम वर्ग में संत विवेकानन्द स्कूल की दिव्या यादव प्रथम, पानकुंअर स्कूल की अपूर्वी गोयल द्वितीय, संत विवेकानन्द स्कूल की ईशू यादव तृतीय जूनियर वर्ग में डीके इण्टरनेशनल स्कूल की पीहू वर्मा प्रथम, पानकुअंर स्कूल के इच्छित राजपूत द्वितीय, दिल्ली पब्लिक स्कूल की वर्तिका यादव तृतीय, पेंटिग प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में अर्चना मेमोरियल स्कूल के प्रिंस पाल प्रथम, संत विवेकानन्द स्कूल की सृष्टि द्वितीय, पुलिस मार्डन स्कूल की वैष्णवी कश्यप तृतीय, अर्चना मेमोरियल स्कूल के प्रयांशू सांत्वना, मध्यम वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल की दक्षिता प्रथम, अर्चना मेमोरियल स्कूल के राघव द्वितीय दिल्ली पब्लिक स्कूल के अदम्य सिंह तृतीय, संत विवेकानन्द स्कूल की नव्या चौहान को सांत्वना, जूनियर वर्ग में अर्चना मेमोरियल स्कूल की शुभी मिश्रा प्रथम, अल्फिया खान को द्वितीय, सुदिति ग्लोबल एकेडमी के इनाया को तृतीय एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल की हर्षिका प्रथम, संत विवेकानन्द स्कूल के कुशाग्र द्वितीय, पान कुंअर स्कूल के आर्यन तृतीय, मध्यम वर्ग में सुदिति ग्लोबल एकेडमी की भूमि प्रथम, संत विवेकानन्द स्कूल की अमृषा द्वितीय, दिल्ली पब्लिक स्कूल की रिशा तिवारी तृतीय, जूनियर वर्ग में संत विवेकानन्द स्कूल के अक्षत सक्सेना प्रथम, पानकुंअर स्कूल की दिव्यांषी दीक्षित द्वितीय, अंशिका गोयल तृतीय, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अर्चना मेमोरियल स्कूल के मानविक प्रथम, पानकुंअर स्कूल की दिव्यांशी दीक्षित द्वितीय, सुदिति ग्लोबल एकेडमी की दिव्यांशी यादव तृतीय तथा नृत्य नाटिका प्रतियोगिता में अर्चना मेमोरियल स्कूल प्रथम, दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वितीय लीडर्स इण्टरनेशनल स्कूल तृतीय स्थान पर रहे।

पुरस्कार वितरण के उपरांत कंपोजिट विद्यालय विचारपुरा की छात्राओं द्वारा एक नृत्य का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्‌बोधन में पुरस्कृत प्रतिभागियों को बधाई देते हुए, वन एवं वन्य जीव संरक्षण में बच्चों की भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक संवाद किया गया। डा. विनय कुमार सिंह, उप निदेशक इटावा सफारी पार्क द्वारा वन्य जीव सप्ताह 2025 के आयोजन के दौरान संपन्न करायी गई प्रतियोगिताओं एवं अन्य कार्यक्रम के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

इस वर्ष वन्य जीव सप्ताह के आयोजनों में जनपद इटावा के तीन स्कूलों द्वारा सह संयोजक की भूमिका निभाई गई जिसमे लीडर्स इंटरनेशनल स्कूल, पान कुँअर इंटरनेशनल स्कूल एवं अर्चना मेमोरियल एसजीएम इंटर कॉलेज, जो इस वन्यप्राणि सप्ताह 2025 के संयोजक थे, को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में स्कूलों के सक्रिय भूमिका को बढ़ाने के उद्देश्य से पहली बार सफल प्रयास किया गया। उक्त तीन विद्यालयों को 'प्रशंसा प्रमाण पत्र' एवं प्रतिभागी विद्यालयों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सफारी पार्क के बायोलॉजिस्ट श्री बी.एन. सिंह द्वारा सम्पूर्ण वन्यजीव सप्ताह के आयोजन में जुड़े सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मीडिया से जुड़े लोगों को सफारी पार्क की खबरों को जन जन तक पहुचाने में सहयोग करने हेतु आभार व्यक्त किया गया।












## बैडमिन्टन प्रशिक्षण

इटावा सफारी पार्क इटावा के नव निर्मित बैडमिंटन कोर्ट में 28वें अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता 2025 हेतु उत्तर प्रदेश वन एवं वन्य जीव विभाग के प्रतिभागी खिलाड़ियों के लिए बैडमिंटन अभ्यास/प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ श्री एन.के. जानू, मुख्य वन संरक्षक कानपुर ज़ोन के कर कमलों द्वारा किया गया। प्रतिभागियों में श्री नवीन वर्मा उप प्रभागीय वनाधिकारी आज़मगढ़, श्री दिवाकर यादव क्षेत्रीय वन अधिकारी मऊ एवं अन्य प्रभागों से आए कुल 11 खिलाड़ी उपस्थित हुए।




## प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उत्तर प्रदेश का भ्रमण

प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उत्तर प्रदेश श्रीमती अनुराधा वेमूरी ने दिनांक 09 नवम्बर 2025 को इटावा सफारी पार्क का भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान उनके द्वारा सफारी पार्क में पर्यटकों हेतु बहुप्रतीक्षित दो एसी बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया तथा उनके द्वारा सफारी पार्क के ईको पर्यटन क्षेत्र में बनी शोविनियर शॉप का उद्घाटन भी किया गया। साथ ही साथ उनके द्वारा लेपर्ड सफारी क्षेत्र का भी शुभारम्भ किया गया। इस लेपर्ड सफारी में वर्तमान में 05 शावकों के साथ लेपर्ड सफारी का शुभारम्भ पर्यटकों हेतु किया गया है। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा सफारी पार्क के आवासीय क्षेत्र में बने मल्टीपरपज हॉल का भी लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान नगर इटावा क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुति की गयी तथा छात्राओं द्वारा सफारी का भ्रमण भी किया गया। भ्रमण के दौरान उनके द्वारा सफारी पार्क में लिए गए अनुभवों को मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उत्तर प्रदेश के समक्ष रखे गये। इस मौके सफारी पार्क के निदेशक डॉ0 अनिल कुमार पटेल, डीएफओ इटावा श्री विकास नायक सफारी पार्क के वन्यजीव चिकित्सक, बायोलॉजिलस्ट एवं अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।






## रेस्क्यू प्रशिक्षण का आयोजन

इटावा सफारी पार्क इटावा के मल्टीपरपज हॉल में दिनांक 11 दिसम्बर 2025 को वन्यजीव रेस्क्यू संबंधित विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, चंबल वाइल्ड लाइफ सेंचुरी प्रभाग एवं इटावा सफारी पार्क के कुल 69 वन कर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अनिल कुमार पटेल, निदेशक/वन संरक्षक, इटावा सफारी पार्क द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। डॉ. अनिल कुमार पटेल द्वारा बताया गया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उदेश्य वन्यजीवों के रेस्क्यू के बारे में कर्मियों को अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध कराकर उनकी क्षमता को और विकसित करना है। इटावा सफारी पार्क के उप निदेशक डॉ. विनय कुमार सिंह द्वारा सरीसृपों एवं उनके रेस्क्यू से संबंधित जानकारी साझा की गई। श्री बी. एन. सिंह बायोलॉजिस्ट वन्यजीव प्रबंधन के बारे में एव डॉ रोबिन यादव, डॉ शैलेंद्र सिंह द्वारा रेस्क्यू उपकरणों के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी तथा उनके उपयोग की विधि को साझा किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत समस्त प्रतिभागी वन कर्मियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए सफारी पार्क का भ्रमण कराया गया एवं रेस्क्यू किये गए लेपर्ड्स तथा अन्य वन्य जीवों के देख रेख संबंधी तथ्यों से अवगत कराया गया।







## विशेष अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन

इटावा सफारी पार्क इटावा में अनुभूति कार्यक्रम की शुरुआत 29 जुलाई 2024 में की गई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण पृष्ठभूमि के परिषदीय स्कूलों के छात्र छात्राओं को सफारी पार्क में निःशुल्क भ्रमण कराना है ताकि बच्चे वन्यजीवों के सरंक्षण के प्रति जागरूक एवं प्रतिस्पर्धी बन सके। सफारी पार्क के निदेशक डॉ अनिल कुमार पटेल के मार्गदर्शन में आज दिनांक 06 अक्टूबर को एक विशेष अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद इटावा में शालिनी मेमोरियल संस्थान द्वारा संचालित सरोज वृद्धाश्रम के 40 वृद्धजनों को सफारी पार्क का भ्रमण कराया गया। वृद्धजनों में 16 महिलाएं एवं 24 पुरुष शामिल रहे। वृद्धजनों को सफारी भ्रमण के उपरांत उनके अनुभवों को साझा किया गया।

सफारी पार्क के उप निदेशक डॉ विनय कुमार सिंह द्वारा वृद्धजनों से संवाद करते हुए उनके अनुभव के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। अनुभव साझा करने का दृश्य बेहद प्रेरणा दायक रहा। सभी वृद्धजनों द्वारा उनके जीवन में पहली बार वन्य जीवों को देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसके लिए उनके द्वारा सफारी प्रबंधन एवं सरोज वृद्धाश्रम का आभार प्रकट किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी रुपेश श्रीवास्तव, बायोलॉजिस्ट बी.एन. सिंह एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## विशिष्ट जनों का सफारी भ्रमण

- मा0 अंगद कुमार सिंह, एमएलसी, सभापति विधान परिषद
- श्री राकेश कुमार, राज्य सूचना आयुक्त, उ0प्र0।
- प्रो0 अजय सिंह, कुलपति, सैफई–इटावा।
- श्री सत्येन्द्र कुमार, डीआईजी, पीएसी–आगरा।
- श्री हरीश चन्द्र, डीआईजी रेंज–कानपुर।
- श्री अनुराग पटेल, आई.ए.एस. (से.नि.)
- श्रीमती मधु बोटा यादव, हैदराबाद
- श्रीमती प्रीती चौधरी, सहायक लेखा अधिकारी–आगरा।

## वन्यजीवों का आगमन

इस त्रैमास में दिनांक 04.11.2025 को नवाब वाजिद अली चिड़ियाघर लखनऊ से पाँच बारहसिंघा लाए गए है। जिनको डियर सफारी में तैयार किए गए विशेष क्वारंटाइन एनक्लोज़र में रखा गया। जहाँ उनकी सेहत एवं व्यवहार की निगरानी की गई। सभी बारहसिंगा को क्वारेंटाइन अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद डियर सफ़ारी क्षेत्र में छोड़ा गया।

मुख्य सम्पादक : डा0 अनिल कुमार पटेल, भा0व0से0
सम्पादकीय टीम : डा0 विनय कुमार सिंह, प्रा0व0से0, श्री बी0एन0 सिंह, प्रा0व0से0 (से0नि0)
डिजायन : शशांक पटेल